# केन्द्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह ने छत्तीसगढ़-तेलंगाना सीमा पर करेगुट्टा पहाड़ियों में नक्सल विरोधी अभियान के दौरान घायल हुए सुरक्षाकर्मियों से दिल्ली के AIIMS में मुलाकात की

## गृह मंत्री ने घायल सुरक्षाकर्मियों से उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली और उन्हें विश्वास दिलाया कि देश उन पर भरोसा और गर्व करता है

## हमारे सुरक्षा बल अपनी वीरता से नक्सलवाद का नामोनिशान मिटा रहे हैं

Posted On: 15 MAY 2025 8:47PM by PIB Delhi

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने आज नई दिल्ली के AIIMS ट्रॉमा सेंटर का दौरा किया और छत्तीसगढ़-तेलंगाना सीमा पर करेगुट्टा पहाड़ियों में 31 नक्सलियों को मार गिराने के दौरान नक्सल विरोधी अभियान में घायल हुए सुरक्षाकर्मियों से मुलाकात की।

केन्द्रीय गृह मंत्री ने 'X' पर अपनी एक पोस्ट में कहा कि हमारे सुरक्षा बल अपनी वीरता से नक्सलवाद का नामोनिशान मिटा रहे हैं। आज दिल्ली के AIIMS ट्रॉमा सेंटर में जाकर उन सुरक्षाकर्मियों से मुलाकात की जो छत्तीसगढ़-तेलंगाना सीमा पर करेगुट्टा पहाड़ियों में 31 नक्सलियों को मार गिराने के दौरान नक्सल विरोधी अभियान में घायल हुए थे। उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली और उन्हें विश्वास दिलाया कि देश उन पर भरोसा और गर्व करता है।

श्री अमित शाह ने कहा कि वीर जवानों ने छत्तीसगढ़-तेलंगाना सीमा पर लगातार 21 दिनों तक ऑपरेशन चलाकर 31 नक्सलियों को ढेर किया। जवानों के इस शौर्य और साहस पर पूरे देश को गर्व है।

**Amit Shah**
@AmitShah · Follow

Our security forces are wiping out every trace of Naxalism with their valour.

Today, visited AIIMS Trauma Centre, Delhi, and met the security personnel who were injured during anti-Naxal operations eliminating 31 Naxalites in the Karegutta Hills across the Chhattisgarh and Show more

6:14 PM · May 15, 2025

2.6K Reply Copy link

Read 64 replies

*****

**RK/VV/RR/PR/PS**

(Release ID: 2128949)